6.1.3 (d)


स्थापित : 1916

श्री दीवान कृष्ण किशोर

दूरभाष : 0171-263428

मोबाईल : 989635623

# सनातन धर्म आदर्श-संस्कृत कॉलेज (लाहौर)

अम्बाला छावनी।

(कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राच्य संस्कृत परीक्षाओं के लिए अनुमोदित तथा
भारत सरकार शिक्षा मन्त्रालय द्वारा आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के रूप में स्वीकृत)

क्रमांक............ *(सत्र 2022-23 से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध)* दिनांक..............


## प्रबन्ध समिति की दिनाँक 01.08.2023 की बैठक की कार्यवाही

दिनाँक 01.08.2023 मंगलवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे प्रो. कमला भारद्वाज जी की अध्यक्षता में दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज, अम्बाला छावनी की प्रबन्ध समिति की बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में निम्न सम्मान्य सदस्य उपस्थित हुए: -

1. प्रो. कमला भारद्वाज, अध्यक्ष
2. डॉ. जगन्नाथ झा, सहायकाचार्य, शैक्षणिक विभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. डॉ. देवानन्द शुक्ला, उपनिदेशक (शैक्षणिक), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
4. डॉ. अशोक कुमार मिश्र, सहायकाचार्य, सदस्य
5. डॉ. विष्णु दत्त शर्मा, सदस्य/ सचिव

## कार्यवाही

1. विगत बैठक 16.02.2023 की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। प्रबन्ध समिति ने इसकी संम्पुष्टि की।
2. अतिथि अध्यापकों के कार्यभार ग्रहण की सूचना
   i. श्रीमती उषा देवी अतिथि अध्यापिका (हिन्दी) की 22.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई। प्रबन्ध समिति ने नोट किया।
   ii. श्री गगनदीप सिंह अतिथि अध्यापक (अंग्रेजी) की 21.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई। प्रबन्ध समिति ने नोट किया।
   iii. डॉ. मनीष भारद्वाज अतिथि अध्यापक (वेद) की 21.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई। प्रबन्ध समिति ने नोट किया।
   iv. डॉ. अनिल कुमार द्विवेदी अतिथि अध्यापक (व्याकरण) की 26.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

   प्रबन्ध समिति ने नोट किया।

Kamla Bhardwaj
चेयरमैन
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स.ध. आदर्श संस्कृत कॉलेज
अम्बाला छावनी

विष्णु दत्त शर्मा
प्राचार्य
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स.ध. आदर्श संस्कृत कालेज
अम्बाला छावनी

v. श्रीमती मैथिली शर्मा अतिथि अध्यापिका (पी.जी.टी. संस्कृत) की 21.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

**प्रबन्ध समिति ने नोट किया।**

vi. डॉ. वीरेन्द्र प्रकाश अतिथि अध्यापक (कंपयूटर प्रशिक्षक) की 16.03.2022 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

**प्रबन्ध समिति ने नोट किया।**

vii. डॉ. रेणु वत्स अतिथि अध्यापिका (साहित्य) की 24.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

**प्रबन्ध समिति ने नोट किया।**

viii. श्री गुरमीत सिंह (सेवक) ने ऑउट्सोर्सिंग के माध्यम से दिनाँक 01.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

**प्रबन्ध समिति ने नोट किया।**

ix. श्री रजत कुमार (सफ़ाई कर्मचारी) ने ऑउट्सोर्सिंग के माध्यम से दिनाँक 01.07.2023 को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी गई।

**प्रबन्ध समिति ने नोट किया।**

**3. शैक्षणिक समिति की दिनाँक 01.08.2023 की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन**

i. इस महाविद्यालय में (1) P.G. डिप्लोमा इन योगिक साईंस (2) P.G. डिप्लोमा कर्मकाण्ड एवं पौरिहित्य को चलाने के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त अनुमति की सूचना दी गई। समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

ii. प्राचार्य ने सूचित किया कि महाविद्यालय में सम्प्रति छः दिवसीय सप्ताह (6 days week) चल रहा है। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ़ का प्रस्ताव है कि अपने महाविद्यालय में पंच दिवसीय सप्ताह (5 days week) लागू किया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत होने पर पंच दिवसीय सप्ताह लागू किया जा सकता है।

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा उक्त विषय पर निर्णय लेने के लिए प्रबन्ध समिति ने आग्रह किया।**

iii. UGC के मानकों के अनुसार महाविद्यालय में उपस्थिति घंटे (Sitting Hours) के सम्बन्ध में समिति ने कहा कि महाविद्यालय में 40 घंटे प्रति सप्ताह उपस्थित रहने का प्रावधान है।

**प्रबन्ध समिति ने उक्त निर्णय का अनुमोदन किया।**

iv. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा इस महाविद्यालय में अतिथि अध्यापक (ज्योतिष) के पद की स्वीकृति प्रदान किए जाने की सूचना दी गई। समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

Kamla Bhardwaj
चेयरमैन
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स०ध० आदर्श संस्कृत कॉलेज
अम्बाला छावनी

प्राचार्य
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स०ध० आदर्श संस्कृत कॉलेज
अम्बाला छावनी

v. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा इस महाविद्यालय में अतिथि अध्यापक (साहित्य) के पद की स्वीकृति प्रदान किए जाने की सूचना दी गई। समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

vi. श्री नितिन कुमार जी के M.A. (दर्शन) करने के प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया। महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों में किसी भी प्रकार का व्यवधान न होने की शर्त पर श्री नितिन कुमार जी को M.A. (दर्शन) करने के लिए समिति ने संस्तुति की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

vii. श्री नितिन कुमार जी के पी.जी. डिप्लोमा करने के प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए समिति ने कहा कि सर्विस के साथ-साथ M.A. और डिप्लोमा दोनों करना संभव नहीं है। सर्विस के साथ M.A. और डिप्लोमा दोनों में से किसी एक को ही करने की अनुमति दी जाती है।

**प्रबन्ध समिति ने उक्त निर्णय का अनुमोदन किया।**

viii. डॉ. अशोक कुमार मिश्र जी ने (असिस्टैन्ट प्रो.) विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में आवेदन करने की अनुमति हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। समिति ने इसकी संस्तुति की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

ix. महाविद्यालय में अनुसंधान (Ph.D.) करवाने के लिए स्टॉफ़ द्वारा प्रस्ताव दिया गया। शैक्षणिक समिति ने अपने महाविद्यालय में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अनुसंधान (Ph.D.) केन्द्र को संचालित करने के लिए संस्तुति प्रदान की।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अनुमति प्रदान करने के लिए आग्रह किया।**

**4. वित्त समिति की दिनाँक 01.08.2023 की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन**

i. श्री सरजीवन कुमार शर्मा जी के 30.11.2023 को सेवा निवृत्त होने पर उनकी देय C.P.F. एवं ग्रेच्युटी के भुगतान की सूचना दी गई। वित्त समिति ने अनुमोदन किया।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

ii. डॉ अशोक कुमार मिश्र जी के सी.ए.एस. प्रोमोशन A.G.P. 6000/- से 7000/-ग्रेड पे करने के सम्बन्ध में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पत्राँक के.सं.वि./आदर्श/एम.सी./35011/अम्बाला/ 2023-24/07 दिनाँक 05.04.2023 के द्वारा गठित कमेटी की दिनाँक 06.04.2023 की बैठक की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। (रिपोर्ट संलग्न है) जिसमें डॉ. अशोक कुमार मिश्र के दिनाँक 16-10-2022 से 7000/- ग्रेड पे करने की संस्तुति की गई। वित्त समिति ने इसका अनुमोदन किया और ग्रेड पे में हुई वृद्धि के अनुसार देय एरियर राशि शीघ्र प्रदान करने का आग्रह किया।

**प्रबन्ध समिति ने उक्त निर्णय और देय एरियर राशिप्रदान करने का अनुमोदन किया।**

Kamla Bhardwaj
चेयरमैन
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स.ध.स. आदर्श संस्कृत कालेज

प्राचार्य
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स.ध.स. आदर्श संस्कृत कालेज

iii. सत्र 2022-23 की ऑडिट रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। वित्त समिति ने इसका अनुमोदन किया।

**प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन किया।**

iv. C.P.F. को P.F. विभाग में जमा करवाने पर विचार किया गया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि यह नियम विरुद्ध है। अतः C.P.F. को P.F. में जमा नहीं किया जा सकता।

**प्रबन्ध समिति ने कहा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार कार्य करेंगे।**

v. ऑनलाइन पेमेन्ट हेतु अलग अकॉउन्ट खोलने के सम्बन्ध में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि ने कहा कि ऑनलाइन पेमेन्ट करने के लिए कॉलेज की धनराशि के लिए अलग अकॉउन्ट खोलकर A.T.M. लेना नियमानुसार सही नहीं है।

**प्रबन्ध समिति ने उक्त विषय पर नियमानुसार कार्य करने के लिए कहा।**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा सम्पन्न हुई।

Kamla Bhardwaj

प्रो. कमला भारद्वाज
(चेयरमैन)

चेयरमैन
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स०ध० आदर्श संस्कृत कॉलेज
अम्बाला छावनी

विष्णु दत्त शर्मा

डॉ. विष्णु दत्त शर्मा
(प्राचार्य/ सचिव)

प्राचार्य
श्री दीवान कृष्ण किशोर
स०ध० आदर्श संस्कृत कॉलेज
अम्बाला छावनी

श्री दीवान कृष्ण किशोर
सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज
(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजनान्तर्गत, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध)
जगाधरी रोड़, अम्बाला छावनी-133001 (हरियाणा)
दूरभाष : 0171-2634283
ई-मेल : sdascambala@gmail.com

SH. DEWAN KRISHNA KISHOR
S.D. ADARSH SANSKRIT COLLEGE
(Affiliated to Central Sanskrit University, New Delhi, Ministry of Education, Govt. Of India, Under the scheme of Adarsh Sanskrit Mahavidyalayas)
Jagadhri Road, Ambala Cantt-133001 (Haryana)
Tel: 0171-2634283,
Email: sdascambala@gmail.com

पावका नः सरस्वती
Approved as Research Centre

क्रमांक ..................................  दिनाँक..................................................

# प्रबन्ध समिति की दिनाँक 29-11-2023 की बैठक की कार्यवाही

दिनाँक 29-11-2023 बुधवार को पूर्वाह्न -11:30 बजे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली (मुख्यालय) परिसर में प्रोफेसर कमल भारद्वाज जी की अध्यक्षता में दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज अंबाला छावनी की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए: -

1. प्रो. कमला भारद्वाज (अध्यक्ष)
2. डॉ. रमाकांत शर्मा (राज्य सरकार प्रतिनिधि)
3. डॉ. देवानंद शुक्ला (नामित विश्वविद्यालय)
4. डॉ. देशबंधु (मातृ संस्था प्रतिनिधि)
5. डॉ. श्याम नाथ झा (संकाय सदस्य नामित)
6. डॉ. देवानंद शुक्ला (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालंय प्रतिनिधि)
7. डॉ. विष्णु दत्त शर्मा (प्राचार्य/सचिव)

## कार्यवाही

1. विगत बैठक दिनाँक 1-8-2023 की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया। प्रबंध समिति ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की टिप्पणी के आलोक में इसकी संपुष्टि की।

Chairman
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

Principal
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

2. आदर्श महाविद्यालय/आदर्श शोध संस्थान रिवाईज्ड स्कीम नियमावली-2022 के प्रावधानों को इस महाविद्यालय के लिए स्वीकार करने के संबंध में विचार किया गया। प्रबंध समिति ने स्वीकारोक्तिपूर्वक अनुमोदन किया।

3. आदर्श महाविद्यालय / आदर्श संस्थान रिवाईज्ड स्कीम नियमावली-2022 को स्वीकार करने और अपनाने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (MOU) पर कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्यों ने विचार किया और कहा कि निम्न बिन्दुओं पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सपष्टीकरण की अपेक्षा है।

इसके साथ ही प्रबंध समिति ने जिज्ञासा व्यक्ति की है कि-

(क) महाविद्यालय के ग्रेड A,B,C,D में रखने के लिए पैरामीटर क्या होंगे? यह स्पष्ट नहीं हो रहा है । अतः प्रबंध समिति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से पैरामीटर की स्पष्टता के लिए आग्रह करती है।

(ख) मातृ संस्था प्रतिनिधि ने सूचित किया कि संस्कृत कॉलेज के लिए अलग से भूमि आवंटित नहीं है अपितु सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा को यह भूमि लीज पर मिली है यह भूमि रक्षा विभाग (भारत सरकार) की है । प्रतिनिधि सभा ने अपने अधीनस्थ संस्था एस.डी.कॉलेज सोसाइटी,नई दिल्ली को भूमि दी हुई है जिस पर तीन संस्थाएं चल रही हैं-

I. एस.डी. कॉलेज, अंबाला छावनी
II. दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज, अंबाला छावनी
III. एस.डी. विद्या स्कूल, अंबाला छावनी

प्रबंध समिति ने विचार करके यह प्रस्ताव पारित किया कि भूमि को संस्कृत कॉलेज के नाम पर हस्तांतरित करना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। जिस कारण से

Chairman | Principal
... | ... College
Ambala ... | Ambala Cantt

M.O.U. पर हस्ताक्षर करना विचारणीय है। ऐसी स्थिति में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से दिशा निर्देश के लिए प्रबन्ध समिति आग्रह करती है।

अत: उक्त बातों का सपष्टीकरण प्राप्त होने पर M.O.U. पर हस्ताक्षर करने के विषय को आगामी प्रबन्ध समिति की बैठक के लिए लम्बित रखने का प्रस्ताव पारित किया।

4. प्राचार्य ने सूचित किया कि आदर्श महाविद्यालय /आदर्श शोध संस्थान रिवाईज्ड स्कीम नियमावली-2022 को स्वीकार करने और अपनाने के उद्देश्य से उपक्रम (undertaking) पर हस्ताक्षर करके महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों से प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. नितिन (पी.जी.टी. संस्कृत) ने अभी तक नहीं दिया है। प्रबंध समिति ने कहा कि प्राचार्य द्वारा डॉ.नितिन जी से पुन: एक बार मौखिक रूप से उपक्रम (undertaking) माँगा जाए। तदन्तर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा जाए।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

कमला भारद्वाज

प्रो. कमला भारद्वाज
(चेयरपर्सन)

Chairman
Dewan K... Kishore
S.D. A... Sanskrit College
Ambala Cantt.

विष्णु शर्मा

डॉ. विष्णु दत्त शर्मा
(प्राचार्य)

Principal
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

श्री दीवान कृष्ण किशोर
सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज
(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के आदर्श संस्कृत महाविद्यालय योजनान्तर्गत, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध)
जगाधरी रोड़, अम्बाला छावनी-133001 (हरियाणा)
दूरभाष : 0171-2634283
ई-मेल : sdascambala@gmail.com

पायका न: सरस्वती

SH. DEWAN KRISHNA KISHOR
S.D. ADARSH SANSKRIT COLLEGE
(Affiliated to Central Sanskrit University, New Delhi, Ministry of Education, Govt. Of India, Under the scheme of Adarsh Sanskrit Mahavidyalayas)
Jagadhri Road, Ambala Cantt-133001 (Haryana)
Tel: 0171-2634283,
Email: sdascambala@gmail.com

क्रमांक .................................                                  दिनाँक.................................................

# दिनांक 20-3-2024 की प्रबंध समिति की बैठक की कार्यवाही

दिनांक 20-3-2024 को मध्याह्न 12: 30 बजे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जनकपुरी, नई दिल्ली (मुख्यालय) में प्रोफेसर मधुकेश्वर भट्ट जी के कक्ष में दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज, अंबाला छावनी की प्रबंध समिति(M.C.) की बैठक प्रोफेसर कमला भारद्वाज जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक हेतु श्री सीताराम मूर्ति (सीनियर कंसलटेंट, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) को विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. देवानंद शुक्ला जी और प्रो. मधुकेश्वर भट्ट जी विश्वविद्यालयीय कार्य से परिसर में अनुपलब्ध होने के कारण बैठक में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए| बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए: -

1. प्रो.कमला भारद्वाज (अध्यक्ष प्रबंध समिति)
2. डॉ. रमाकांत शर्मा (हरियाणा राज्य सरकार प्रतिनिधि)
3. डॉ. देवानंद शुक्ला (नमित विश्वविद्यालय द्वारा)
4. डॉ. देशबंधु (नामित मातृसंस्था)
5. डॉ. श्याम नाथ झा (संकाय सदस्य)
6. प्रो. मधुकेश्वर भट्ट (प्रतिनिधि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)
7. डॉ. विष्णु दत्त शर्मा, प्राचार्य (सदस्य/ सचिव)
8. श्रीसीताराम मूर्ति (विशेष आमंत्रित)

Kamla Bhardwaj
Chairman
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

विष्णुदत्तशर्मा
Principal
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

# कार्यवाही

1. विगत बैठक 29-11-2023 की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया। प्रबंध समिति ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की टिप्पणी के आलोक में इसकी सम्पुष्टि की।
2. विगत बैठक दिनांक 29-11-2023 की कार्यवाही के बिंदु संख्या-3 के लंबित आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASM)/आदर्श शोध संस्थान(ASS) रिवाईज्ड स्कीम नियमावली-2022 को स्वीकार करने और अपनाने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रबंध समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्ति की और समझौता ज्ञापन (MOU) पर सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर किये।
3. कार्यालय असिस्टेंट के नवंबर-2014 से रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया की स्वीकृति हेतु चर्चा की गई| प्राचार्य ने प्रस्ताव रखा कि यदि स्थाई नियुक्ति में विलंब है तो किसी को भी प्रतिनियुक्ति (deputation) पर रखने की स्वीकृति दे दें । विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ने सूचित किया कि प्रतिनियुक्ति (deputation) के लिए भी वही प्रक्रिया होगी जो स्थाई नियुक्ति के लिए है तथा किसी को भी अपने आप प्रतिनियुक्ति पर नहीं रख सकते।
4. **वित्त समिति की दिनांक 20-03-2024 की बैठक की कार्यवाही**

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 का कॉलेज का आनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। अनुभाग अधिकारी, आदर्श ने कहा कि यह बजट छठे वेतनमान के अनुसार और स्कीम 2012 के अनुसार बनाया गया है। सप्तम वेतनमान स्वीकृत हो चुका है और रिवाईज्ड आदर्श स्कीम-2022 लागू हो चुकी है। अतः सप्तम वेतनमान के अनुसार और आदर्श स्कीम नियमावली-2022 में निर्धारित विभिन्न मदों में

Kamlesh Bhardwaj
Chairman
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

Principal
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

स्वीकृत धनराशि एवं प्रावधानों के अनुसार बजट को बनाकर स्वीकृति हेतु भेजा जाए।

**प्रबंध समिति ने अनुमोदन किया।**

(ख) कॉलेज में सत्र 2023-24 के ऑडिट हेतु गांधी मिनोचा एंड कंपनी (C.A.) अंबाला छावनी को नियुक्त करने के लिए वित्त समिति ने संस्तुति की।

**प्रबंध समिति ने अनुमोदन किया।**

(ग) आदर्श महाविद्यालय(ASM)/ आदर्श शोध संस्थान(ASS) रिवाईज्ड स्कीम नियमावली-2022 के प्रावधानों को इस महाविद्यालय के लिए स्वीकार करने के लिए वित्त समिति ने संस्तुति की ।

**प्रबंध समिति ने अनुमोदन किया।**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा संपन्न हुई

Kamla Bhardwaj
प्रो.कमला भारद्वाज
(चेयरमैन)
Chairman
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.

विष्णुदत्त शर्मा
डॉ. विष्णु दत्त शर्मा
(प्राचार्य)
Principal
Dewan Krishna Kishore
S.D. Adarsh Sanskrit College
Ambala Cantt.